## पर्यवेक्षण आख्या–जनपद वाराणसी एवं चन्दौली
## भ्रमण दिनांक 05 मई से 07 मई, 2022 तक

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/आर0आई0/2022–23/04/629 दिनांक 29 अप्रैल, 2022 द्वारा सघन मिशन इन्द्रधनुष–4.0, तृतीय चरण का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 05 से 07 मई, 2022 तक जनपद वाराणसी एवं चंदौली का भ्रमण किया गया।

**भ्रमण टीम के सदस्यः–**

1. **डा0 अजय घई, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0।**
2. **श्री सरोज कुमार, वी0एच0एन0डी0 परामर्शदाता, आर0आई0, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0।**

**दिनांक 05 मई 2022, जनपद वाराणसी :–**

भ्रमण के दौरान निम्न अधिकारी एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे–

डा0 वी0एस0 राय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 अशोक पाण्डेय, नोडल शहरी टीकाकरण, डा0 दीप ठक्कर, टी0एस0यू0, डा0 जय शीलन, एम0एम0ओ0, श्री आशुतोष मिश्रा, पी0ओ0, श्री प्रदीप विश्वकर्मा, आर0सी0, शाहीद अख्तर डी0एम0सी0, सुश्री रीना वर्मा, वी0सी0सी0एम0।

**कोल्ड चेन प्वाइंट, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिण्डरा, जनपद वाराणसी।**

- आई0एम0आई0 अभियान के लिये पी0एच0सी0 अन्तर्गत 29 सत्र स्थलों पर आर0आई0 वैक्सीन का वितरण किया गया था।
- आर0आई0 का अपडेटेड माइक्रोप्लान नहीं था। आई0एम0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध था।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- कोविड टीकाकरण मे 0.5 एम0एल0 सिरिंज का उपयोग किया जा रहा था।
- कोल्ड चेन रूम मे आई0ई0सी0 पोस्टर पुराने लगाये गये थें।
- प्रसव कक्ष में आपूर्ति की गयी बर्थ डोज वैक्सीन का संधारण वैक्सीन वितरण पंजी में नहीं किया जा रहा था। वैक्सीन वितरण पंजी के अंतिम चार पेज में बर्थ डोज वैक्सीन का इन्डेन्ट संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**सत्र स्थल – आंगनबाड़ी केन्द्र रायतारा, ब्लाक पिण्डरा, जनपद वाराणसी।**

- नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लान के अनुसार same सत्र स्थल पर हीं आई0एम0आई0 सत्र आयोजित किया जा रहा है। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।
- सत्र स्थल पर सुमन यादव, ए0एन0एम0 सविता देवी आशा एवं अनीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थीं। आशा कार्यकत्री सविता देवी 500–500 की जनसंख्या पर दो ए0एन0एम0 सुमन यादव एवं चन्द्रावती देवी के कार्यक्षेत्र में कार्य करती है।
- डयू लिस्ट के अनुसार लाभार्थी चन्द्रकला, जन्मतिथि 09 दिसम्बर 2020 का पेन्टा 3 का टीका ड्यू था जबकि उक्त लाभार्थी को एम0आर0 का टीका लग चुका था। लाभार्थी को एम0आर0 का टीका लगने के पश्चात पेन्टा 3 टीका डयू होने का कारण ए0एन0एम0 के द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका।
- आशा कार्यकत्री के पास आशा डायरी उपलब्ध थी परन्तु आशा डायरी में प्रिन्टिंग के कॉलम पुराने थें। नये गाइडलाईन के अनुसार आशा डायरी का प्रिन्टिंग नहीं कराया गया था।
- ड्यू लिस्ट के अनुसार 19 बच्चों एवं 04 गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण व ए0एन0सी0 जॉच ड्यू था। भ्रमण तक 07 बच्चों एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था।
- सत्र स्थल पर लाल बैग उपलब्ध नही था। एनाफ्लैक्सिस कीट उपलब्ध पाया गया।

**सत्र स्थल – डा0 अलीमुद्दीन क्लिनिक, UPHC लल्लापुर , जनपद वाराणसी।**

- माइक्रोप्लान के अनुसार आई0एम0आई0 सत्र आयोजित किया जा रहा था। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।



9.05.2022

Scanned by CamScanner

- सत्र स्थल पर कल्पन देवी, ए0एन0एम0 रूमा देवी आशा कार्यकत्री उपस्थित थी एवं अनीता देवी आं. कार्यकत्री अनुपस्थित थीं।
- हेड काउन्ट सर्वे एवं ड्यू लिस्ट अपडेट पाया गया।
- ड्यू लिस्ट के अनुसार 14 बच्चों एवं 02 गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण व ए0एन0सी0 जॉच ड्यू था। भ्रम तक 05 बच्चे एवं 02 गर्भवती लाभार्थी का टीकाकरण किया गया था।
- सत्र स्थल पर लाल बैग उपलब्ध नही था।
- ए0एन0एम0 द्वारा eKavach पर प्रविष्टि नहीं की जा रही थी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद वाराणसी के अध्यक्षता में संध्या कालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्टेट भ्रमण टीम के सदस्य, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अर्बन नोडल अधिकारी, सभी ब्लाको के चिकित्सा अधिकारी, डब्लू.एच.ओ, यूनीसेफ, यू0एन0डी0पी0 एवं यू0पी0टी0एस0यू0 के जनपदी एवं रिजनल प्रतिनिधि को फीडबैक से अवगत कराया गया एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

**दिनांक 06 मई 2022, जनपद चन्दौली :–**
भ्रमण के दौरान निम्न अधिकारी एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे–

डा0 एन0के0 प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ब्लाक नियामताबाद एवं चन्दौली, डा0 दीप ठक्कर, टी0एस0यू0, डा0 कुणाल, एस0एम0ओ0, श्री आशुतोष मिश्रा, पी0ओ0, श्री आशीफ, डी0एम0सी0, रीना वर्मा, वी0सी0सी0एम0।

**सत्र स्थल – आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड नं0 12, चण्डासी, UPHC महमूदपुर, जनपद – चन्दौली।**

- सत्र स्थल पर कुसुम लता सिंह, ए0एन0एम0, आरती एवं अंजली शर्मा, आशा कार्यकत्री, शैरू निशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। सत्र स्थल पर माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।
- आई0एम0आई0 के लिये सत्र स्थल उपयुक्त नहीं था। इसी सत्र पर विगत सत्र दिनांक 16 अप्रैल 2022 को आयोजित हुआ था।
- शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र का एरिया डिमार्केशन सही नहीं था।
- आई0एम0आई0 सत्र के लिये हेड काउण्ट सर्वे नहीं किया गया था और न हीं अपडेटेड ड्यू लिस्ट पाया गया।
- आशा कार्यकत्री एवं ए0एन0एम0 के पास उपलब्ध ड्यू लिस्ट भिन्न–भिन्न था।
- ए0एन0एम0 को टीकाकरण सारणी के संबंध में जानकारी नहीं थी। सत्र स्थल पर आये दो माह के बच्चा, जिसको कोई टीका नहीं लगा था, उसको सिर्फ बी0सी0जी0 का टीका दिया गया।
- लाभार्थियों को 4 प्रकार के मुख्य संदेश ए0एन0एम0 द्वारा नहीं दिये जा रहे थें।

**सत्र स्थल – सुभाष नगर, वार्ड नं0 21, चण्डासी, UPHC महमूदपुर, जनपद – चन्दौली।**

- सत्र स्थल पर रेनु सिंह, ए0एन0एम0, कल्पना, आशा कार्यकत्री एवं किरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी। ए0एन0एम0 के पास माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।
- आई0एम0आई0 के लिये सत्र स्थल उपयुक्त नहीं था। इसी सत्र पर विगत सत्र स्थल दिनांक 09 अप्रैल 2022 को आयोजित हुआ था।
- शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र का एरिया डिमार्केशन सही नहीं था।
- आई0एम0आई0 सत्र के लिये हेड काउण्ट सर्वे नहीं किया गया था और न हीं अपडेटेड ड्यू लिस्ट पाया गया।
- लाभार्थियों को 4 प्रकार के मुख्य संदेश ए0एन0एम0 द्वारा नहीं दिये जा रहे थें।
- सत्र स्थल पर उपलब्ध रोटा एवं ओ0पी0वी0 वैक्सीन के अनुरूप ड्रापर उपलब्ध नही था।

**कोल्ड चेन प्वाइंट, नियामताबाद, जनपद चन्दौली**

- अपडेटेड आर0आई0 माइक्रोप्लान नहीं पाया गया।
- 35 सत्र स्थल के लिये आर0आई0 वैक्सीन वितरण किया गया था।



09.05.2022

Scanned by CamScanner

- कोल्ड चेन प्वाइंट पर उपलब्ध आर0आई0 वैक्सीन का मिलान वैक्सीन स्टाक रजिस्टर से किया गया। बी0सी0जी0 एवं एम0आर0 वैक्सीन के स्टाक में अंतर पाया गया एवं अंतर का स्पष्ट कारण कोल्ड चेन हैण्डलर द्वारा नहीं बताया जा सका। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी चन्दौली को दो दिन के अन्दर वैक्सीन स्टाक रजिस्टर, ई विन एवं फिजिकल वैक्सीन के वैक्सीन स्टॉक में अंतर का जॉच आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- कोल्ड चेन हैण्डलर द्वारा बताया गया कि प्रसव कक्ष में बर्थ डोज का टीका दिया जाता है परन्तु वैक्सीन वितरण का संधारण वितरण रजिस्टर में नहीं किया जाता है। वितरण पंजी के अंतिम चार पेज में प्रसव कक्ष में वितरित किये गये बर्थ डोज का दैनिक विवरणी प्रविष्ट करने के निर्देश दिये गयें।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि दो कोल्ड चेन हैण्डलर कार्य करते हैं। एक के द्वारा सुबह में सत्र स्थल के लिये वैक्सीन का वितरण कार्य किया जाता है जबकि दूसरे के द्वारा संध्या को सत्र स्थल से वापस वैक्सीन को रिसीव किया जाता है। दोनों कोल्ड चेन हैण्डलर मे सामंजस्यता का अभाव पाया गया।
- कोल्ड चेन प्वाइंट के नजदीक खुले जगह में काफी संख्या में आर0आई0 एवं कोविड वैक्सीन के खुले वायल यत्र–तत्र बिखरे हुये थें। इससे प्रतीत होता है कि बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानकानुसार नही किया जा रहा है।

**सत्र स्थल – किदवईनगर, सबसेंटर चन्दौली बी, ब्लाक चन्दौली, जनपद – चन्दौली।**

- आयोजित सत्र आई0एम0आई0 के लिये उपयुक्त नहीं था। इसी स्थल पर पिछला सत्र 09 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को आयोजित किया गया था।
- सत्र स्थल पर सुमन देवी, ए0एन0एम0, एवं वीरमति आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी।
- आयोजित सत्र के लिये ए0एन0एम0 के द्वारा तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का समेकित डयू लिस्ट तैयार किया गया था। आयोजित सत्र हेतु कितने लाभार्थियों का टीका ड्यू है, ए0एन0एम0 द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका।
- ए0एन0एम0 के पास आर0आई0 वैक्सीन के अतिरिक्त कोविड वैक्सीन भी उपलब्ध था।
- सत्र स्थल पर किसी सुपरवाईजर के द्वारा विजिट नहीं किया गया था।
- निरीक्षण तक 04 बच्चों एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया था।
- सत्र आयोजन का प्लानिंग सही नहीं था।

**सत्र स्थल – नीलम आशा का घर, नर्सिंगपुर खुर्द, सबसेंटर लिलापुर, चन्दौली, जनपद – चन्दौली।**

- आई0एम0आई0 के लिये सत्र स्थल उपयुक्त था।
- सत्र स्थल पर कलावती देवी, ए0एन0एम0, निलम देवी, आशा कार्यकत्री एवं रेणु श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थी।
- सत्र स्थल पर माइक्रोप्लान, हेड काउण्ड सर्वे एवं अपडेटेड डयू लिस्ट, आर0आई0 बैनर उपलब्ध था।
- डयू लिस्ट के अनुसार 15 बच्चों का टीका डयू था जिसमें 13 बच्चों का टीकाकरण किया गया था।
- सत्र मानक के अनुरूप आयोजित किया जा रहा था। सत्र की प्लानिंग अच्छे तरह से की गयी थी एवं सत्र स्थल पर गुणवत्तापरक सेवायें दी जा रही थीं।

**DVS जनपद चन्दौली**

- डी0वी0एस0 चन्दौली में कोल्ड चेन उपकरणों का रख–रखाव सही तरीके से किया गया था।
- अभिलेखों का संधारण प्रोपर तरीके से था।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद चन्दौली के अध्यक्षता में संध्या कालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्टेट भ्रमण टीम के सदस्य, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सभी ब्लाको के चिकित्सा अधिकारी, डब्लू.एच.ओ, यू0एन0डी0पी0 एवं यू0पी0टी0एस0यू0 के जनपदी एवं रिजनल प्रतिनिधि को फीडबैक से अवगत कराया गया एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

**स्टेट वैक्सीन स्टोर, जनपद वाराणसी**

- WIC एवं WIF में वैक्सीन का रख रखाव मानकानुसार किया जा रहा था।



09.05.2022

Scanned by CamScanner

- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- अभिलेखों का संधारण सही तरीके से किया गया था।

**कोल्ड चेन प्वाइंट शहरी स्वास्थ्य केन्द्र चौकाघाट, जनपद वाराणसी**

- कोल्ड चेन प्वाइंट पर 6 होरिजेंटल आई0एल0आर0 एवं 4 वर्टिकल आई0एल0आर0 उपलब्ध था। 8 डीप फ्री... उपलब्ध थें।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- अभिलेखों का संधारण सही तरीके से किया गया था।

**दिनांक 07 मई 2022, जनपद वाराणसी :–**

**कोल्ड चेन प्वाइंट सेवापुरी पी0एच0सी0, जनपद वाराणसी**

- वैक्सीन स्टाक रजिस्टर का संधारण सही नहीं था। रजिस्टर में इंडेक्स का कॉलम संधारित नहीं किया गया था।
- एक हीं पृष्ठ पर कोवैक्सीन एवं कोविशिल्ड का स्टॉक संधारित किया जा रहा था।
- आर0आई0 वैक्सीन के स्टाक का मिलान स्टाक रजिस्टर, ईविन एवं फिजिकल किया गया। आर0आई0 एन्टीजन के स्टाक में भिन्नता पायी गयी एवं वैक्सीन स्टाक में अंतर का स्पष्ट कारण कोल्ड चेन हैण्डलर द्वारा नहीं बताया जा सका। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी वाराणसी को दो दिन के अन्दर वैक्सीन स्टाक रजिस्टर, ई विन एवं फिजिकल वैक्सीन के वैक्सीन स्टॉक में अंतर का जॉच आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- वैक्सीन वितरण पंजी के अनुसार प्रत्येक सत्र के लिये बराबर एक–एक वायल वैक्सीन का वितरण किया जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि इन्डेन्ट के अनुसार प्रत्येक सत्र स्थल के लिये वैक्सीन का वितरण नही किया जा रहा है।
- आर0आई0 माइक्रोप्लान अपडेटेड नहीं था।
- अभिलेखों का संधारण प्रोपर तरीके से नहीं था।

**सत्र स्थल गजापुर, आंगनबाड़ी केन्द्र, सेवापुरी, जनपद वाराणसी।**

- मानक के अनुरूप आर0आई0 सत्र स्थल का आयोजन किया जा रहा था।
- सत्र स्थल पर माइक्रोप्लान, हेड काउण्ट सर्वे एवं अपडेटेड डयू लिस्ट पाया गया।
- सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी वैक्सीन उपलब्ध थें। सत्र स्थल पर फीटल डॉप्लर, पल्स ऑक्सीमीटर भी उपलब्ध था।
- अभिलेखों का संधारण प्रोपर तरीके से था।

**सत्र स्थल सकलपुर आंगनबाड़ी केन्द्र, सेवापुरी, जनपद वाराणसी।**

- मानक के अनुरूप आर0आई0 सत्र स्थल का आयोजन किया जा रहा था।
- सर्वे के अनुसार 0–2 वर्ष के 42 बच्चों की लाइन लिस्टिंग की गयी थी।
- डयू लिस्ट के अनुसार 15 बच्चों में से 10 बच्चों का टीकाकरण किया गया था एवं 11 गर्भवती महिलाओं में से 4 गर्भवती महिलाओं का ए0एन0सी0 चेकअप हुआ था।
- ए0एन0सी0 कॉर्नर उपलब्ध था।
- सत्र स्थल पर लाभार्थियों को गुणवत्तापरक सेवायें दी जा रही थी।

09.05.2022

**सरोज कुमार**
**(वी0एच0एन0डी0 परामर्शदाता)**
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0
लखनऊ, उ0प्र0।

9/5/22

**डा0 अजय घई**
**(राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी)**
परिवार कल्याण महानिदेशालय
लखनऊ, उ0प्र0।



Scanned by CamScanner